# अकादमी न्यूज़

संख्या - 39
अगस्त - 2026

डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल


## Message from Director General



*I am pleased to present the August edition of the Academy's monthly newsletter, highlighting the major training programmes and capacity-building initiatives undertaken during the month. The Academy conducted a range of programmes for officials from various departments such as Workshop on Mission Karmayogi Capacity Building Plan Development, e-Governance Initiative & Emerging Technologies, Right to Information Act & Right to Service Act, Pay Fixation, Promotion, Selection Pay Scale, Disaster Management Awareness Programme: Disaster Risk Reduction, Child Centric Disaster Risk Reduction (CCDRR): School Safety, 62nd Induction Training Programme for JEs of Irrigation Department etc.*

*These initiatives reflect ongoing commitment towards strengthening institutional capacity, enhancing competencies and focusing on overall development and learning.*


**Patron**
Shri B. P. Pandey (Director General)
**Editor**
Dr. Mahesh Kumar (Joint Director)
**Collaboration**
Shri V. K. Singh (Dy. Director)
Ms. Ragini Tiwari, Consultant, KRC, CGG
Shri Manoj Kumar (Training Manager)
Shri Yogesh Kumar (Training Manager)


**Our Mission**

*We work for the capacity-building of civil servants, professionals, development functionaries and elected people's representatives.*

**Our Vision**

*To become a self-sustaining, proactive and leading organisation offering quality capacity-building (training and advisory) service in the field of public administration and development initiatives in a competitive environment.*

## Workshop on "Mission Karmayogi Capacity Building Plan Development"



डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित दिनांक 04 अगस्त, 2026 को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में 01 दिवसीय Mission Karmayogi Capacity Building Plan Development विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व में चयनित 13 विभागों के द्वारा तैयार किये गये Capacity Building Plan (CBP) के ड्राफ्ट का प्रस्तुतिकरण कर ड्राफ्ट को अन्तिम स्वरूप दिया गया तथा इसके अतिरिक्त नव चयनित अन्य 12 विभागों को AI Tools के माध्यम से Capacity Building Plan (CBP) तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 51 अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में 01 दिवसीय Mission Karmayogi Capacity Building Plan Development विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड राज्य के 12 विभागों द्वारा क्षमता विकास आयोग के माध्यम से विकसित AI Tools का प्रयोग कर बनाये गये विभागीय Capacity Building Plan (CBP) का प्रस्तुतिकरण अपर सचिव/नोडल अधिकारी, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, उत्तराखण्ड शासन के सम्मुख किया गया। प्रस्तुतिकरण के पश्चात् अपर सचिव महोदय एवं कैपिसिटी बिल्डिंग कमीशन से आये हुए प्रतिनिधियों के द्वारा विभागीय Capacity Building Plan (CBP) का तकनीकी विश्लेषण कर उसे और बेहतर बनाने हेतु सुझाव दिये गये तथा निर्देशित किया गया कि विभागों द्वारा प्रस्तुत किये गये ड्राफ्ट आवश्यक सुधार करते हुए ड्राफ्ट को विभागीय कैपिसिटी ,बिल्डिंग यूनिट (CBU) से अनुमोदनोपरान्त iGOT Karmayogi Platform पर Live कर दिया जाये। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 26 अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



## Training Programme on e-Governance Initiative & Emerging Technologies



डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा दिनांक 10 से 12 अगस्त, 2026 की अवधि में राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों हेतु "e-Governance Initiative & Emerging Technologies" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 29 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–**

- शासन में ई–गवर्नेन्स पहल और उभरती प्रौद्योगिकियों एवं साइबर सुरक्षा की भूमिका को समझाना ई–गवर्नेंस के संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का परिचय प्राप्त करना।
- सरकार द्वारा विकसित विभिन्न ई–गवर्नेंस फ्रेमवर्क एवं पहलों (Initiatives) के कार्यान्वयन एवं उपयोग से संबंधित कौशल विकसित करना।
- साइबर खतरों एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act) एवं डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम (DPDP Act) तथा उनके महत्व के प्रति समझ को सुदृढ़ करना।

## विद्यालयी परिवेश में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम पर एक दिवसीय जागरूकता



अकादमी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्परिणाम एवं रोकथाम हेतु प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27.08.2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी एवं द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 29.08.2026 को मोती राम बाबू राम, राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी में आयोजित किया गया। प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में 84 एवं द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 138 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों को नशे के विरूद्व जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार भागीदार के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–**

- युवाओं एवं विद्यार्थियों में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील करना।
- विद्यालय / शैक्षणिक संस्थानों में स्वस्थ्य सुरक्षित एवं नशा मुक्त वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना।
- Smokeless, व Smoked Tobacco के दुष्प्रभाव तथा COTPA Act के प्रमुख प्रावधानों में जागरूकता बढ़ाना।

## भिक्षावृत्ति की गतिविधियों में संलग्न बच्चों हेतु विशेष सेवाओं पर विभिन्न हितधारकों का दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम



अकादमी में दिनांक 21–22 अगस्त, 2026 की अवधि में भिक्षावृत्ति की गतिविधियों में संलग्न बच्चों हेतु विशेष सेवाओं पर विभिन्न हितधारकों का दो–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल संरक्षण तंत्र, प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, गैर–सरकारी संस्थाओं तथा अन्य सम्बन्धित एजेंसियों के 43 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–**

- भीख माँगने की गतिविधियों में संलग्न बच्चों की सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों को समझते हुए उनके अधिकारों, सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास के सम्बन्ध में विभिन्न हितधारकों की क्षमता का विकास करना।
- इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन (UNCRC), किशोर न्याय अधिनियम (POCSO) अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों की जानकारी, बच्चों को तस्करी, शोषण एवं बाल श्रम से सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं संकट प्रबंधन, तथा मिशन वात्सल्य एवं बाल संरक्षण सेवाओं की समझ को सुदृढ़ करना।
- बच्चों के लिए परिवार–आधारित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य, परामर्श एवं पुनर्वास सेवाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच प्रभावी अंतर–विभागीय समन्वय को बढ़ावा देना।

## Outreach Training Programme




आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा डॉ0 आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल से प्रायोजित Outreach Training Programme का आयोजन दिनांक 17 अगस्त व 18 अगस्त 2026 को विकास भवन, पिथौरागढ़ में किया गया। जिसमें Right to Information Act & Right to Service Act तथा Pay Fixation, Promotion, Selection, Pay Scale आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, पेयजल निगम, शहरी विकास, समाज कल्याण, बाल विकास, सिंचाई, उद्यान, कृषि, युवा कल्याण, चिकित्सा, पशु पालन इत्यादि विभागों से कुल 143 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–

- शासकीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाना।
- अधिकारियों व कार्मिकों को सूचना का अधिकार तथा सेवा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना।
- नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीकों से सेवाऐं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को समझाना।
- अधिकारियों एवं कार्मिकों को वेतन निर्धारण के नियमों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना।
- वेतन एवं पदोन्नति से सम्बन्धित मामलों में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को बढ़ावा देना।

## "Disaster Management Awareness Programme: Disaster Risk Reduction"



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 20–21 अगस्त 2026 की अवधि में "Disaster Management Awareness Programme: Disaster Risk Reduction" का आयोजन विकास खण्ड गंगोलीहाट, जनपद पिथौरागढ़ में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, पुलिस, पी.आर.डी. होमगार्ड, महिला मंगल दल, युवक मंगल दल इत्यादि से कुल 84 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–

- आपदा से पूर्व तैयारी, रोकथाम एवं जोखिम न्यूनीकरण की रणनीतियों की जानकारी प्रदान करना।
- सरकारी सेवकों एवं समुदायों को आपदा प्रबन्धन में उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराना।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण को सतत् विकास एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली के साथ जोड़ने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।
- आपातकालीन प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना।

## "Training Programme on Child Centric Disaster Risk Reduction (CCDRR): School Safety"



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 24–25 अगस्त 2026 की अवधि में "Training Programme on Child Centric Disaster Risk Reduction (CCDRR): School Safety" का आयोजन एम.बी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय अधिकारी, एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस. कैडेट तथा अन्य विद्यार्थियों सहित कुल 98 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य :–

- विद्यालयों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सुरक्षा उपायों की प्रभावी समझ विकसित करना।
- विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की आपदा के परिप्रेक्ष्य में पूर्व नियोजित अभ्यास के माध्यम से क्षमता विकास करना, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वयन एवं पूर्व तैयारी के माध्यम से आपदा के प्रभावों को न्यून किया जा सके।
- प्रतिभागियों को आपदा प्रबन्धन हेतु सक्रिय सहभागिता के रूप में प्रोत्साहित करना।
- प्रतिभागियों को आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत् प्राथमिक चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा, खोज एवं बचाव सम्बन्धी तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना।

"शिक्षा से हमें मानसिक स्वतंत्रता मिलती है, जो सच्ची आजादी का रास्ता है।" - डॉ. भीमराव आंबेडकर

## 62nd Induction Training Programme for JEs of Irrigation Department



अकादमी में दिनांक 21 अगस्त, 2026 से 19 सितम्बर, 2026 की अवधि में उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग के 42 कनिष्ठ अभियन्ताओं हेतु एक माह का अनिवार्य 62वाँ सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम (अराजपत्रित) आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मॉड्यूल जैसे संविधान, सेवा नियम, अनुशासनिक कार्यवाही, विधि, कार्यालय प्रबन्ध एवं प्रक्रिया, वित्त एवं लेखा, प्रबन्ध एवं मानव संसाधन विकास विकासःअवधारणा, व्यवहार एवं मुद्दे, कम्प्यूटर व सूचना तकनीकी एवं उत्तराखण्ड परिचय एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली आदि शामिल किये गये।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य :–

- प्रशासन तंत्र की आवश्यकताओं व जन–अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिभागियों की क्षमता विकसित करना।
- प्रादेशिक सेवाओं के अन्तर सम्बन्धों, पारस्परिक निर्भरता के महत्त्व एवं उनके व्यवहार की समझ विकसित करना।
- प्रतिभागियों को व्यावसायिक, प्रशासनिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास के प्रति अभिप्रेरित करना तथा एक कुशल लोक सेवक की भूमिका के निर्वहन के लिए तैयार कराना।

## 16वें आधारभूत प्रशिक्षण के प्रशिक्षु अधिकारी द्वारा रचित कविता

### With Love, From ATI

At six in the morning, soft sunshine touches
The vintage brown benches in a quiet embrace.
With morning light over the pine-clad hills,
Warm rays filter in as the valley fills.

Hydrangeas bloom in hues of purple and blue,
As trainee officers walk alongside their crew.
The day starts with yogic breathing or a morning trail,
With curiosity in minds on how the day will sail.

Next comes a glimpse of cream sarees with red borders,
And men in crisp black, assembled in order.
Inside Room Kailash, the corridors echo,
Tea breaks offer moments to relax and let go.

Officers from across the states together dwell,
Creating memories that time will tell.
The badminton court hums with cheers and queues,
While the mess table absorbs laughter and gossips of different hues.

As the months passed and the day count hit eighty-four,
The calendar read 6th October at the exit door.
With laughter, excitement, and stories to keep
Officers leave with a passion to serve, so deep

ATI will bloom again to a new batch, new officers
The corridor will echo with familiar calls of Ma'am and Sir
The rooms, the walls, the mess will hold the memories we leave behind
In the heart of the hills, forever enshrined.
This is with love, from ATI !

**Ms. Apoorva Thapliyal**
(Officer Trainee 16th foundation)

# घस्यारी



**Ms. Shruti Chand**
(Officer Trainee 16th foundation )